महत्वपूर्ण एवं खास

किसानों के शिकायत के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर जारी

रायगढ़। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत कृषकों के फसल बीमा से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु भारत सरकार द्वारा किसान निवारण पोर्टल का शुभारंभ किया गया है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसान अपने फसल बीमा से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर शिकायत निवारण पोर्टल में फसल बीमा से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।

घर पीछे बाड़ी में छिपाकर रखा 10 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। दिनांक 31.07.2022 को थाना चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भगोरा में रहेना वाला कमलेश राठिया घर बाड़ी में महुआ शराब अवैध बिक्री के लिये रखे होने की सूचना पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक किरण गुप्ता के निर्देशन पर थाने से प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन के साथ आरक्षक विक्रम कुजूर ग्राम भगोरा रवाना हुये। चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर गवाहों के साथ कमलेश राठिया के घर जाकर शराब रेड कार्रवाई किया गया। आरोपी कमलेश राठिया से अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करने पर घर बाड़ी से शराब बिक्री करना स्वीकार कर 05-05 लीटर क्षमता वाली 02 लाल रंग की जरीकेन में भरी हुई कुल 10 लीटर महुआ शराब, 1000 रूपये लाकर पेश किया जिसकी विधिवत जप्त कर आरोपी कमलेश राठिया पिता डाक्टर राठिया उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम भगोरा थाना चक्रधरनगर को थाना लाया गया आरोपी पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(1)(क), 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है।

व्यवसायिक प्रशिक्षण अंतर्गत अनुसूचित जाति के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार एवं स्वरोजगार स्थापित करने के उद्देष्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित विषेष केन्द्रीय सहायता अनुसूचित जाति उप-योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री अभ्युदय योजना की जारी नवीन गाईड लाईन अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं पास हेतु मषीन ऑपरेटर सीएनसी लेथ टेड पर 3 माह का निःषुल्क आवासीय प्रषिक्षण सेन्ट्रल टेक्नोलॉजी (भारत सरकार) सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सिपेट रायपुर दिया जाएगा। इच्छुक युवक जाति, निवास एवं आय प्रमाण-पत्र के साथ 10 अगस्त 2022 तक कार्यालय कलेक्टर जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, रायगढ़ कक्ष क्रमांक 94 में प्राप्त एवं जमा कर सकते है।

सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए 4 को होगा प्लेसमेंट कैम्प

रायपुर । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर सह निदेशक लाईवलीहुड कॉलेज रायपुर के मार्गदर्शन में 4 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज, धरमपुरा रोड, जोरा, रायपुर में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इस प्लेसमेंट कैम्प में 10 वी उत्तीर्ण 21 वर्ष से 36 वर्ष तक के अभ्यर्थी जिनकी न्युनतम ऊंचाई 167.5 सेमी. हो आवेदन कर सकतें हैं।यह प्लेसमेंट कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस प्लेसमेंट कैंप में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अंकसूची और आधार कार्ड की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है।

समितियों में कामकाज का सुचारू संचालन प्रबंधकों की जिम्मेदारी-कलेक्टर रानू साहू

- ऋण वितरण व केसीसी की संख्या बढ़ाने के निर्देश
- कलेक्टर साहू ने ली समिति प्रबंधकों की बैठक

रायगढ़। शासन की योजनाओं का लाभ किसानों को मिले इसमें सहकारी समितियों की भी विषेष भूमिका होती है। धान खरीदी का कार्य समितियों द्वारा ही संपादित किया जाता है। ऐसे में समितियों हो रहे कामकाज का सुचारू संचालन मुख्य रूप से समिति प्रबंधकों की जिम्मेदारी है। साथ ही सहकारिता निरीक्षकों व अपेक्स शाखा प्रबंधकों को वहां चल रहे कामकाज की नियमित मॉनिटरिंग करनी है जिससे समितियों में किसी प्रकार की अनियमितता न हो। उक्त बातें कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष में समिति प्रबंधकों, सहकारिता निरीक्षकों व अपेक्स बैंक के प्रबंधकों की बैठक में कही।

कलेक्टर साहू ने कहा कि हमारा काम लोगों को सुविधाएं मुहैय्या कराना है। उन्होंने कहा कि समितियों में कामकाज में अनियमितता अथवा लापरवाही पर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उन्होंने किसानों के केसीसी निर्माण, ऋण वितरण, खाद बीज की उपलब्धता, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, माइक्रो एटीएम, वर्मी कम्पोस्ट का वितरण जैसे बिन्दुओं पर समितियों के कामकाज की गहन समीक्षा की। उन्होंने गत वर्ष धान खरीदी के साथ-साथ आगामी खरीदी के लिए तैयारियों पर समिति प्रबंधकों तथा विभागीय अधिकारियों से चर्चा की। कलेक्टर साहू ने केन्द्र शासन की योजना के अनुसार समितियों में कामकाज के कम्प्यूटराईजेषन के लिए आवष्यक प्रक्रिया पूरी करने के निर्देष दिए। उन्होंने सभी समितियों को अपने वित्तीय पत्रक सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तैयार कर उसका ऑडिट करवाने के निर्देष दिए। जिससे समितियों का काम योजना के अनुसार कम्प्यूटराईज्ड किया जा सके।

कलेक्टर साहू ने केसीसी निर्माण के बारे में जानकारी ली। जहां केसीसी की संख्या कम है वहां संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने किसानों के केसीसी जारी करते हुए ऋण उपलब्ध करवायें, ताकि किसान ताकि किसान शासन की योजना अनुसार बिना ब्याज के मिलने वाली राषि का लाभ अपने खेती-किसानी के लिए ले सकें। उन्होंने लक्ष्य अनुसार किसानों को वितरित ऋण बढ़ाने के निर्देष शाखा प्रबंधकों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने पशुपालन, उद्यानिकी से जुड़े केसीसी प्रकरणों में भी ऋण वितरण की कार्यवाही बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी को अपना कार्य पूरी गंभीरता से करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर साहू ने खाद के भंडारण व वितरण पर चर्चा करते हुए कहा कि पॉस मषीन में दर्ज स्टॉक तथा फिजिकल स्टॉक का वेरीफिकेषन करवाया जाएगा। अतः सभी समिति प्रबंधक अपनी एन्ट्री पूरी कर लें। इसके साथ ही उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट की खरीदी तथा एसएचजी को भुगतान के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि एसएचजी को भुगतान के लिए समितियों द्वारा समायोजन कर जानकारी बैंकों में प्रस्तुत की जाए जिसके आधार पर बैंक द्वारा फाईल रन हो सकें जिससे समूहों को कम्पोस्ट की राषि समय पर प्राप्त हो व भुगतान लंबित न रहें। इसमें किसी प्रकार की तकनीकी त्रुटि आ रही है तो उससे अवगत करायें, जिससे त्रुटि सुधार कर समूहों का भुगतान सुनिष्चित किया जा सके।

इस दौरान उप पंजीयक सहकारिता सुरेन्द्र गोंड़, अपेक्स बैंक से नोडल अधिकारी सुनील सोढ़ी सहित अपेक्स बैंक के सभी शाखा प्रबंधक, सहकारिता निरीक्षक व जिले के सहकारी समितियों के प्रबंधक उपस्थित रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित- कलेक्टर साहू ने कहा कि विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन व धान खरीदी में उत्कृष्ट कार्य, वर्मी कम्पोस्ट के वितरण करने वालों को समिति प्रबंधकों, सहकारिता निरीक्षकों को आगामी स्वतंत्रता दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

श्रम विभाग द्वारा निर्माणी मजदूरों व असंगठित कर्मकारों का हो रहा निःशुल्क पंजीयन

रायगढ़। श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत निर्माणी मजदूरों का एवं असंगठित कर्मकार मंडल के अंतर्गत असंगठित कर्मकारों का पंजीयन किया जाता है। छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत 90282 मजदूरों का पंजीयन हुआ है एवं असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल अंतर्गत 78693 मजदूरों का पंजीयन हुआ हैं विभाग के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन निःशुल्क हैं एवं किसी भी सीएससी सेंटर अथवा किसी भी कम्प्यूटर के द्वारा किया जा सकता है। श्रमिक पंजीयन हेतु मुख्य दस्तावेज जैसे-आधार कार्ड, बैंक खाता, 1 फोटो निर्माणी श्रमिक हेतु नियोजन प्रमाण पत्र एवं स्वयं का मोबाईल नंबर आवश्यक है। छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अंतर्गत महतारी जतन योजना, नोनी सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मेघावी छात्र/छात्रा शिक्षा प्रोत्साहन योजना एवं असंगठित कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना, असंगठित कर्मकार मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, छात्रवृत्ति सहायता योजनाएँ मुख्य रूप से संचालित है। जिसमें प्रसूति सहायता योजनांतर्गत महिला हितग्राही को एकमुश्त 20 हजार रुपये नोनी सशक्तिकरण योजनांतर्गत पुत्री को राशि 20 हजार रुपये एवं मृत्यु सहायता योजनांतर्गत राशि 01 लाख पंजीकृत हितग्राही की मृत्यु होने पर एकमुश्त प्रदाय किया जाता है।

ट्रक छोड़कर भागा मवेशी तस्कर गिरफ्तार 31 मवेशियों को कराया गया था मुक्त

रायगढ़। घरघोड़ा पुलिस द्वारा फरार मवेशी तस्कर को जशपुर जिले के लोदाम थानाक्षेत्र में दबिश देकर पकड़ा गया है। घरघोड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 26-27/07/2022 की रात्रि मुखबिर सूचना पर बायपास रोड़, बैहामुडा में ट्रक क्रमांक सीजी 14 एम.क्यू.- 5867 को पकड़ा गया था। ट्रक का ड्राइवर पुलिस नाकेबंदी को दूर से देख कर ट्रक को खड़ी कर ट्रक से उतर कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस टीम ट्रक के डाला अंदर बगैर दाना पानी 31 नग मवेशी की कीमत करीब 93,000 रुपए को मुक्त कराकर बैहामुड़ा गठान समिति के सदस्यों को अस्थाई सुपर्दनामे पर दिया गया है। घटना के संबंध में ट्रक वाहन चालक के विरुद्ध थाना घरघोड़ा में छत्तीसगढ़ कृषि पशुपालन संरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6,10 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दरमियान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक प्रवीण कुमार मिंज जप्त वाहन के पंजीकृत स्वामी का पता लगाया गया। वाहन सद्दाम कुरैशी निवासी लोहरदगा (झारखंड) के नाम पर पंजीकृत होना पता चलने पर उसके निवास लोहरदगा पता किया गया जिसके टांगरटोली लोदाम जिला जशपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में पुलिस टीम जशपुर रवाना किया गया, पुलिस टीम सुनियोजित तरीके से आरोपी के घर दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जो घटना दिनांक को स्वयं वाहन चलाना बताया। आरोपी से वाहन की चाबी व आरसी बुक को गवाहों के समक्ष जब्ती कर आरोपी सद्दाम कुरेशी पिता मुकीम कुरैशी उम्र 32 वर्ष निवासी बांग्ला रोड मस्जिद के पास लोहरदगा थाना और जिला लोहरदगा (झारखंड) वर्तमान निवास मुफीद अंसारी साई टांगरटोली थाना लोदाम जिला जशपुर (छत्तीसगढ़) को पशुक्रूरता के अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इको वाहन में अवैध तरीके से गांजा लेकर जा रहे दो तस्कर गिरफ्तार, 30 किलो गांजा बरामद

- चिप्स व कुरकुरे कार्टून के नीचे गांजा पैकेट छिपाकर कर रहे थे तस्कर
- 10 दिनों के भीतर गांजे के अवैध तस्करी के विरुद्ध डोंगरीपाली पुलिस की तीसरी कार्रवाई

रायगढ़। डोंगरीपाली थाना प्रभारी उप निरीक्षक ए.के. बेक के नेतृत्व में दिनांक 31.07.2022 को मुखबिर सूचना पर डोंगरीपाली पुलिस ग्राम दुलोपाली साप्ताहिक बाजार के आगे मेन रोड़ में घेराबंदी कर सोल्ड मारूति इको वाहन में चिप्स, कुरकुरे पैकेट के कार्टून नीचे गांजा पैकेट छिपाकर मध्य प्रदेश गांजा लेकर जा रहे दो तस्करों को 30 किलो गांजा के साथ पकड़ा गया है, पिछले 10 दिनों के भीतर डोंगरीपाली पुलिस की यह तीसरी कार्रवाई है। इसके पहले दो रेड कार्रवाई में 3 आरोपियों को गांजा तस्करी करते गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई में रिमांड पर भेजा गया है।

एसपी अभिषेक मीणा के निर्देशन एवं एएसपी लखन पटले तथा एसडीओपी सारंगढ़ प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी डोंगरीपाली एसआई ए.के. बेक अवैध गांजा तस्करों पर कार्रवाई के लिए थानाक्षेत्र एवं ओड़िशा के सीमावर्ती गांव में मुखबिर लगाकर रखा गया है। दिनांक 31.07.2022 को थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिला कि कांसीपाली उड़ीसा से एक बिना नंबर वाली सिल्वर रंग का सोल्ड मारूति इको में दो व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा लेकर बरमकेला की ओर जाने वाले है, थाना प्रभारी डोंगरीपाली सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ के साथ ग्राम दुलोपाली साप्ताहिक बाजार के आगे मेन रोड़ में नाकेबंदी किया गया। शाम करीब 4 बजे मुखबिर के बताये बिना नंबर वाली सिल्वर रंग का सोल्ड मारूति इको को कांसीपाली उडिसा की ओर से आता देखकर घेराबंदी कर रोका गया, वाहन चालक अपना नाम रनमत बैगा पिता कुमारे बैगा उम्र 40 वर्ष एवं बाजू में बैठे व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर अपना नाम नरेंद्र मिश्रा पिता रामस्वयम्बर मिश्रा उम्र 42 वर्ष साकिन शाहपुर थाना पाली जिला उमरिया (म.प्र.) का रहने वाला बताया, जिन्हें रोके जाने का कारण बताकर दोनों संदेहियों और उनके वाहन की तलाशी लिया गया। वाहन के अंदर दो कार्टून में चिप्स के नीचे खाखी रंग के टेप से लपेटा संदिग्ध पदार्थ (गांजा) 15-15 पैकेट कुल 30 पैकेट रखा हुआ मिला, जिसका वजन कराने पर प्रत्येक पैकेट मे 1-1 किलोग्राम जुमला 30 पैकेट मे 30 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती करीबन 3,00,000/- रूपये पाया गया। आरोपियों से मादक पदार्थ गांजा और घटना में प्रयुक्त बिना नंबर वाली सिल्वर रंग का सोल्ड मारूति इको कार कीमती करीबन 6,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना डोंगरीपाली में धारा 20 (B) NDPS ACT की कार्रवाई किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी डोंगरीपाली उप निरीक्षक ए.के. बेक, सहायक उप निरीक्षक राम कुमार मानिकपुरी, आरक्षक किरण यादव, किशोर एक्का, विशाल यादव की अहम भूमिका रही है।

आयुर्वेद चिकित्सालय में डेंगू नियंत्रण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

रायगढ़। राज्य शासन से प्राप्त निर्देषानुसार तथा कलेक्टर रानू साहू के निर्देष पर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस. एन.केषरी के मार्गदर्षन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, रायगढ़ के सभाकक्ष में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मीरा भगत की उपस्थिति में एक दिवसीय डेंगू प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तारतम्य में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी, के द्वारा डेंगू बीमारी के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जिला रायगढ़ के समस्त विकासखण्ड से आये हुए आयुष एवं होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारियों को डेंगू नियंत्रण विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए रोकथाम के साथ इलाज का उपाय बताते हुए प्रषिक्षण दिया गया। प्रषिक्षण में बताया गया कि डेंगू बीमारी एडीज एजिप्टी मच्छर के काटने से फैलता है।

डेंगू के लक्षण-अचानक तेज सिर दर्द व तेज बुखार, मांसपेषियों एवं जोड़ों में दर्द होना, आँखों के पीछे में दर्द होना, जी मिचलाना एवं उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक व मुंह से खुन आना त्वचा पर चकत्ते उभरना आदि है। गभीर अवस्था पर डेंगू हेमोरेजिक फिवर एवं डेंगू शॉक सिन्ड्रोम के उपचार तीनों पद्धती में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक के अनुसार चिकित्सकिय परामर्ष एवं इलाज संबंधित निदान के बारे में चर्चा करते हुए प्रषिक्षण दिया गया। तत्पष्चात् डेंगू से बचाव के उपाय बताया गया और जिले के जनसामान्य को जागरूक करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को अवगत कराते हुए स्वास्थ्य षिक्षा एवं जागरूकता हेतु भी विषेष सुझाव डॉ. टी.जी. कुलवेदी, के द्वारा दिया गया।

बचाव के उपाय-डेंगू मच्छर से बचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए, नालीयों में जला हुआ मोबिल, मिट्टी तेल का छिडकाव करनी चाहिए। हमेषा फूलआस्तीन के वस्त्र पहनना चाहिए, रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए, कुलर में स्थिर पडे हुए पानी का निष्कासन, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली करना चाहिए। कोरोना वायरस संपूर्ण रूप से समाप्त नही हुआ है अभी भी आम जनता कोरोना वायरस रोग के दौरान डेंगू को नजर अंदाज न करें एवं रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त बनाने में सहयोग प्रदान करें। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में कोविड संक्रमण को देखते हुए तथा कोरोना गाईडलाईन का पालन करते हुए वैष्विक महामारी कोरोना काल में भी डेंगू नियंत्रण किया जाना आवष्यक है। छत्तीसगढ़ राज्य में विगत वर्षो के आंकड़ो को मद्देनजर रखा जाए तो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में डेंगू प्रकरणों में वृहद कमी देखने को मिली है। इसी साथ में रायगढ़ जिले में वर्तमान में जनवरी 2022 से लेकर जुलाई 2022 तक केवल एक डेंगू केस एलाईजा पाजीटीव ही दर्ज हुआ है। वर्तमान में रायगढ़ जिले में संदेहास्पद मरीजों का नियमित रूप से रैपिड डायग्नोस्टिक किट से जांच किया जा रहा है ताकि आम जनता को डेंगू जैसे गंभीर बीमारी से समय पूर्व बचाया जा सके। प्रषिक्षण के दौरान निर्मल प्रसाद, गौतम प्रसाद सिदार व्ही.बी.डी. टेक्नीकल सुपरवाईजर, के साथ अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे तथा डॉक्टरों के साथ आम जनता से अपील किया जाता है कि रायगढ़ जिला को डेंगू मुक्त जिला बनाने में सहयोग प्रदान करें।

आत्मानंद विद्यालयों में चयनित 64 अभ्यर्थियों को डीईओ ने प्रदाय किया नियुक्ति पत्र

- जिले में संचालित 11 सभी आत्मानंद स्कूलों में रिक्त पदों पर हुई भर्ती

रायगढ़। जिला रायगढ़ में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजना अंतर्गत संचालित 11 विद्यालयों के रिक्त पदों हेतु चयनित 64 अभ्यर्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य द्वारा गत 30 जुलाई 2022 को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। विदित हो कि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु 3 जुलाई 2022 को शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल रायगढ़ में साक्षात्कार आयोजित किया गया था और चयनित अभ्यर्थियों की चयन सूची जारी की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र जारी करने हेतु प्रातः10 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आमंत्रित किया था। 30 जुलाई को प्रातः10 बजे नवनियुक्त शिक्षक जिला पंचायत सभा कक्ष में उपस्थित हुए। जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में कार्य करने के तरीके और कर्तव्यनिष्ठा के विभिन्न आयामो से नवनियुक्त शिक्षकों को अवगत कराते हुए नियुक्ति पत्र प्रदाय किए गए। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि सभी चयनित अभ्यर्थियों को 4 अगस्त 2022 तक अपने-अपने विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण कर लेना है। कार्यभार ग्रहण नहीं करने की स्थिति में वेटिंग लिस्ट से पुनःचयन सूची जारी की जाएगी।

निरीक्षक रामदीन कुर्रे सहित सात पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त

- लंबी सेवा के लिए पुलिस अधीक्षक ने शॉल व श्रीफल देकर किया सम्मानित

रायगढ़। दिनांक 31.07.2022 को पुलिस विभाग में सेवा देते अपनी 62 वर्ष की आयु की पूर्ण कर पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हो रहे जिले के सात पुलिसकर्मी जिनमें निरीक्षक रामदीन कुर्रे, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू, सहायक उप निरीक्षक तेजराम पटेल, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता, प्रधान आरक्षक अलबिनुस एक्का, महिला आरक्षक ग्रेसदानी टोप्पो का पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेक मीणा द्वारा अपने कक्ष में शॉल, श्रीफल, मोमेंटो देकर विभाग को दी गई लंबी सेवा के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दिया गया।

रक्षित निरीक्षक अमरजीत खुंटे बताये कि सेवानिवृत्त हो रहे निरीक्षक रामदीन कुर्रे थाना अजाक, रक्षित केन्द्र में लंबे समय तक कार्यरत रहे, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाचरण साहू जिले के कई थानों में सेवा देकर थाना तमनार से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, सहायक उप निरीक्षक तेजराम पटेल थाना यातायात में सेवा दे रहे थे, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता थाना भूपदेवपुर में कार्यरत थे, प्रधान आरक्षक अलबिनुस एक्का और महिला आरक्षक ग्रेसदानी टोप्पो रक्षित केन्द्र में कार्यरत थे, सभी विभाग को करीब 39-40 साल सेवा देकर रिटायर्ड हो रहे हैं। विदाई कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मीणा सेवानिवृत्त के स्वास्थ्य और परिवारजनों की जानकारी लेकर कहा गया कि विभाग से आगे भी किसी प्रकार की सहायता पढ़ने पर निसंकोच आकर भेंट करें। समय मिले तो अपने अनुभव अधिनस्थों को शेयक करें, समाज में पुलिस की अच्छी छवि पेश करने में सहायक रहेंगे। पुलिस अधीक्षक मीणा द्वारा एएसपी लखन पटले को सेवानिवृत्तों के पेंशन एवं देय अन्य स्वत्वों का शीघ्र निराकरण कराने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों तथा कार्यालयीन स्टाफ द्वारा भी सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दिया गया।

मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकानों से जिलेवासियों को मिली पौने तीन करोड़ रुपये की छूट : जिले में 11 जगह संचालित हो रहा धन्वंतरि मेडिकल स्टोर

रायगढ़। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। यही कारण हैं कि लोगों को रियायती दरों में उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना शुरू की गई है। शासन द्वारा लोगों को सस्ती दरों में जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने की पहल से जिलेवासियों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं। इससे लोगों के दवाई में आने वाले बेहिसाब खर्चा में लगाम लगा है, वही पॉकेट को भी बड़ी राहत मिली है। जिलेवासियों द्वारा अब तक पौने तीन करोड़ रुपये का छूट का लाभ मिला है। वर्तमान में जिले के कुल 11 स्थानों में धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। जहां लोगों को सस्ती दरों पर उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही है।

अब तक 4 करोड़ से ऊपर की हुई दवा बिक्री- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल जब से धन्वंतरी मेडिकल सस्ती दवा दुकान जिले में प्रारंभ हुई है तब से आज दिनांक तक कुल 4 करोड़ 37 लाख 33 हजार 251 रुपये की दवाई बिक्रय हो चुकी है। जिसमें मिली छूट से जनसामान्य को 2 करोड़ 84 लाख 19 हजार 634 रुपये का फायदा हुआ है।

मिलती है काफी किफायती दवाएं- बाराद्वार निवासी श्याम लाल यादव कहते है, अशर्फी देवी हॉस्पिटल में उनके बच्चे का इलाज के दौरान पता चला कि अशर्फी देवी जेनेरिक मेडिकल स्टोर में 70.10 प्रतिशत की छुट के साथ दवाई उपलब्ध है। तब से वो यही से दवाई खरीदते है, यहां दवाइयां अन्य मेडिकल दुकान से सस्ती है। उन्हे तकरीबन 1110 रूपए की मेडिसिन के लिए मात्र 346 रूपए चुकाने पड़े। धरमजयगढ़ निवासी अख्तर हुसैन कहते वो हमेशा जेनेरिक दवाइयां को प्राथमिकता देते है, यह बेहतर होने के साथ सस्ती होती है। शासन की पहल से धन्वंतरी मेडिकल स्टोर से काफ़ी छूट मिल रही है। प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जानकारी मिल रही है। जिससे जनसामान्य सस्ती दवाओं का लाभ उठा पा रहे है।

11 दवा दुकानें हो रही संचालित- वर्तमान में रायगढ़ जिले में 11 दवा दुकानें संचालित हो रही हैं। जिसमें रायगढ़ शहर में दो दवा दुकानें एक अषर्फी देवी महिला चिकित्सालय व दूसरा पुराना सारंगढ़ बस स्टैण्ड में चल रहा है। वहीं जिले के सभी नगरीय निकाय मुख्यालय धरमजयगढ़, सरिया, पुसौर, लैलूंगा, बरमकेला, किरोड़ीमलनगर, घरघोड़ा, खरसिया एवं सारंगढ़ में दवा दुकान चल रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480